# आपदा में अवसर तलाश रही डबल इंजन सरकार : गुंजल

**कोटा, (निसं)।** कोटा देश में बढ़ती महंगाई, गैस की कीमतों, शहर की बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर आगामी 18 मार्च को कांग्रेस कार्यकर्ता आमजन के साथ सड़कों पर उतरेगा। यह घोषणा नयापुरा स्थित कार्यालय पर बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक व कांग्रेस नेता प्रहलाद गुंजल ने की।

गुंजल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश में गैस की किल्लत व बढ़ते दामों, बढ़ती महंगाई व शहर में बढ़ रहे अपराधों को लेकर आमजन में गुस्सा हैं। गुंजल ने कहा देश में हर तबके का नागरिक परेशान है उन्होंने कहा कि आपात परिस्थितियों में पूरा देश एकजुट है लेकिन एक और सरकार में बैठे जिम्मेदार नुमाइंदे कह रहे हैं कि गैस व पेट्रोल की कोई कमी नहीं है वहीं दूसरी और गैस के लिए देशभर में लग रही लंबी-लंबी कतारें कुछ और ही बयां कर रही हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व में जब 5 रुपए भी सिलेंडर पर बढ़ा दिए जाते थे तो भाजपा के नेता धरने प्रदर्शन करने लग जाते थे वहीं भाजपा ने डबल इंजन सरकार के चलते एक साथ सिलेंडर पर 60 रुपए बढ़कर आमजन की कमर तोड़ दी है।

गुंजल ने कहा कि केंद्र सरकार के कुप्रबंधन के कारण पूर्व में भी कई बार पूरे देश को लाइनों में लगना पड़ा है और आज भी देश लाईनों में लग रहा है और सरकार बेखबर हैं, लोगों को राहत दिलाने ले लिए सरकार के पास कोई योजना भी नजर नहीं आ रही हैं।



कोटा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के होने वाले प्रदर्शन को लेकर आयोजित बैठक को पूर्व विधायक प्रहलाद गुंजल ने संबोधित किया।

प्रहलाद गुंजल ने कहा कि प्रदेश व शहर की कानून व्यवस्था किसी से छिपी हुई नहीं है शहर में चाकूबाजी व हत्याएं आम बात हो रही हैं उन्होंने कहा कि हमने पूर्व में भी कहा था कि जब सरकार में जुड़े लोग, पुलिस व गुंडे एक साथ बैठेंगे और योजनाएं बनाएंगे तो कानून व्यवस्था का यही हाल होना है। उन्होंने कहा कि जब गुंडे शराब पीकर सरेआम थानों में गाली-गलौच करेंगे और पुलिस उन्हें समझती हुई दिखेगी, इसी दोगले रवैय्ये के चलते शहर की कानून व्यवस्था बिगड़ रही हैं। गुंजल ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ आमजन से भी इस डबल इंजन सरकार को कुंभकरणीय नींद से जगाने के लिए सड़कों पर उतरने का आव्हान किया।

प्रहलाद गुंजल ने बताया कि 18 मार्च बुधवार को प्रात: 10 बजे कार्यकर्ता नयापुरा कार्यालय पर इकट्ठा होकर रैली के रूप में कलेक्ट्री तक जायेंगे जहां रैली सभा में परिवर्तित होगी। इससे पहले बैठक को कांग्रेस नेताओं, पूर्व पार्षदों, जिला पदाधिकारियों ने संबोधित किया। बैठक का संचालन हेमंत चतुर्वेदी ने किया व धन्यवाद बृजेश शर्मा नीटू ने दिया। बैठक में ओबीसी संभागीय

■ **आगामी 18 मार्च को आमजन के साथ कांग्रेस कार्यकर्ता सड़कों पर उतरेगा**

अध्यक्ष अशोक नागर, जिला अध्यक्ष दीपक नामदेव, देहात अध्यक्ष टीकम सुमन, जिला महामंत्री विपिन बरथुनियां, राजू पहाड़िया, हिमांशु शर्मा, प्रशांत सक्सेना, अजयभान सिंह शक्तावत, पूर्व सेवादल अध्यक्ष मनोज दुबे, पूर्व अध्यक्ष नसरुद्दीन अंसारी, मंजू चौधरी, प्रमोद त्रिपाठी, शिक्षक नेता ईश्वर सिंह, देहात जिला महामंत्री हेमंत झाला, पूर्व पार्षद मनोज गुप्ता, आसिफ मिर्जा, इरफान घोसी, शीतल मीणा, मो इसरार, डिंपल प्रजापति, सोनू अब्बासी, अशोक गौतम, बलविंदर सिंह बिल्लू, धनराज चेची, सोनू भील, दुष्यंत सिंह तोषी, शार्लेट शामू, डॉक्टर हीरालाल मीणा, गोपाल महेश्वरी, धर्मा गौचर, सार्थक शर्मा, रेनू नरवाला, राधा सोनी, बुलबुल पंवार, बीटा स्वामी, विनोद शर्मा, सत्य प्रकाश लोधा, सुलतानपुर मंडल अध्यक्ष महेंद्र गुर्जर, धन्नालाल मेघवाल, जिला कांग्रेस कमेटी पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# डग विधानसभा स्तरीय कांग्रेस का प्रदर्शन

**भवानीमंडी, (निसं)।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के निर्देशानुसार एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आदेशानुसार भाजपा की केंद्र सरकार की विदेश नीतियों की विफलताओं व गैस की बढ़ती किल्लत को लेकर कांग्रेस ने डग विधानसभा स्तरीय धरना प्रदर्शन किया। डग विधानसभा के ब्लाक भवानीमंडी एवं डग ब्लॉक के कार्यकर्ताओं ने विधानसभा प्रत्याशी चेतराज गहलोत एवं ब्लॉक अध्यक्ष रोड़ सिंह परमार, और नरेंद्र सिंह प्रतिहार के नेतृत्व में गांधी सर्किल पर केंद्र की विफल विदेश नीतियों के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पुतला जलाया गया।

गांधी सर्किल पर बड़ी तादाद में डग विधानसभा के कार्यकर्ता दूर-दराज से एकत्रित हुए। इस दौरान सभा को कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं ने सम्बोधित करते हुए नरेंद्र मोदी के कार्यों कि आलोचना की एवं उन्हें एक असफल नेता बताया, जो लोगों को बार-बार लाईन में लगने पर मजबूर करता है, कभी नोट-बंदी कि लाईन कभी गैस सिलेंडर के लिए लाईन विधानसभा प्रत्याशी चेतराज गहलोत ने कहा कि आज देश में प्रधानमंत्री की वजह से गैस संकट से जूझ रहा है। धरना



कांग्रेस द्वारा विधानसभा स्तरीय प्रदर्शन किया गया।

प्रदर्शन के दौरान सभा में डग विधानसभा के ब्लाक अध्यक्षों के अलावा मंडल अध्यक्ष, पंचायत अध्यक्ष, अग्रिम संगठनों के सभी संगठनों के पदाधिकारी एवं काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभा का संचालन पूर्व नगर अध्यक्ष प्रमोद जैन पिंटू ने किया। भवानीमंडी नगर कांग्रेस अध्यक्ष विनय आसतौलिया ने अंत में सभी का धन्यवाद किया।

# मोदी सरकार की नीतियों के चलते देश की जनता महंगाई की मार से त्रस्त है : राखी गौतम

**कोटा, (निसं)।** मोदी सरकार द्वारा की जा रही नीतियों के चलते बढ़ती महंगाई के खिलाफ बूथ लेवल तक आवाज उठाने के लिए 15 मार्च रविवार को गुमानपुरा स्थित कांग्रेस कार्यलय में शहर कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष राखी गौतम ने कोटा शहर के सभी अग्रिम संगठनों के जिला अध्यक्ष, प्रकोष्ठो के जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश पदाधिकारियों की प्रथम बैठक लेकर मोदी सरकार के खिलाफ एक अहम रणनीति के तहत बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

गौतम ने बैठक में सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का कांग्रेस का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। बैठक को संबोधित करते हुए कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष राखी गौतम ने कहा कि मोदी सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है इनकी नीतियों के चलते देशभर में जनता मंहगाई की मार से त्रस्त हो चुकी है केंद्र में कांग्रेस की सरकार होती थी उस समय सिलेंडरों व पेट्रोल के दामों में 60 पैसे, 1 रुपये बढ़ाते थे तो ये सभी बीजेपी के नेता सड़को पर प्रदर्शन एवं लोकसभा





कोटा कांग्रेस कार्यालय में आयोजित बैठक को जिलाध्यक्ष राखी गौत्तम ने संबोधित किया है।

में बेलगाडिओं से आकर विरोध जताते थे में उन सभी नेताओ से पूछना चाहती हूँ युद्ध की आड़ में मोदी सरकार ने प्रति सिलेंडरों में 60 रुपये बढ़ाये वो बीजेपी के नेता अब चुप क्यों बैठे है देश की जनता के साथ क्यों कुठाराघात कर रहे है राखी गौतम ने कहा कि मोदी सरकार के इन नीतियों के खिलाफ कांग्रेस के सभी अग्रिम संगठनों जिलाध्यक्षो, प्रकोष्ठों, मंडल अध्यक्ष एक रणनीति के तहत बूथ लेवल तक विरोध जताएंगे जिसकी समस्त जिम्मेदारी मोदी सरकार की नीतियों के चलते बढ़ती महंगाई के खिलाफ आमजन की आवाज को कांग्रेसजन बूथ लेवल तक बुलंद करेंगे।

कांग्रेस कमेटी के जिला महासचिव डॉ. विजय सोनी ने बताया कि बैठक का संचालन कांग्रेस महामंत्री श्याम गौतम ने किया बैठक में प्रमुख रूप से शहर जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष हेमराज गौतम, एससी प्रकोष्ठ प्रदेश पदाधिकारी दिनेश खटीक, टीकमचंद सुमन, उद्योग व्यापार प्रकोष्ठ प्रदीप यादव, सेवादल अध्यक्ष प्रेम लाहौरिया, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष मुईजुद्दीन, एनएसयूआई अध्यक्ष विशाल मेवाड़ा, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष शालिनी गौतम, यूथ सेवादल अध्यक्ष प्रदीप पंवार, विधि विभाग के अध्यक्ष एड पदम गौतम, एससी प्रकोष्ठ अध्यक्ष अशोक मेघवाल, जवाहर बाल मंच अध्यक्ष शुभम खुराना, खेल प्रकोष्ठ अध्यक्ष सोनू अब्बासी, अल्पसंख्यक अध्यक्ष मोहम्मद जुबेर, कच्ची बस्ती अध्यक नरोत्तम शर्मा, पर्यावरण संरक्षण अध्यक्ष हरीश सोनी, आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष कामेंद्र मीणा, सहकारिता अध्यक्ष विजय पंडित, चिकित्सा स्वास्थ्य अध्यक्ष दीपक वर्मा, ब्लॉक कांग्रेस महिला सुमन मठसिंघला आदि कांग्रेसजन मौजूद रहे।

# कोटा जिला खो खो संघ के चुनाव संपन्न, किशोर मदनानी अध्यक्ष बने

**कोटा, (निसं)।** कोटा जिला खो-खो संघ कोटा के आज हुए चार वर्षीय चुनाव में किशोर मदनानी को अध्यक्ष व मनीष कांत कच्छावा को सचिव व प्रशांत सक्सैना को कोषाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। चुनाव अधिकारी इंजीनियर प्रकाश वीर नाथानी ने बताया कि कोटा जिला खो-खो संघ के चार वर्षीय चुनाव आज करवाए गए। चुनाव अधिकारी इंजीनियर प्रकाश वीर नाथानी ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए बताया कि किशोर मदनानी को अध्यक्ष मनीष कांत कछावा को सचिव व प्रशांत सक्सैना को कोषाध्यक्ष अध्यक्ष निर्वाचित किया गया साथ ही वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर अशोक शर्मा, उपाध्यक्ष पद पर आर.एस.वर्मा, अनिल सक्सेना, मयंक राज दिक्षित व अमृत सैनी को निर्वाचित किया गया, सह सचिव पद पर



कोटा जिला खो खो संघ के चुनाव में किशोर मदनानी अध्यक्ष बने हैं।

सुनील राज, शेख इमरान, नरेंद्र नायक, प्रवीन चतुर्वेदी को निर्वाचित किया गया, कार्यकारिणी सदस्य पद पर अर्शील खान, तेजपाल भोला, राजेंद्र मथुरिया, चंद्र प्रकाश सोनी, लवकुश जाटव, अमिता, सक्सेना चंदा सोनी, हेमा सक्सेना व रेणु सुमन को निर्वाचित घोषित किया गया।चेयरमैन ललित सिंह मुक्तावत को बनाया गया।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष किशोर मदनानी ने अपने संबोधन में कहा कि आज आप सब ने जो जिम्मेदारी मुझे दी है मैं उसे आप सबके सहयोग से आगे बढ़ने का काम करूंगा और कोशिश करूंगा कि लंबे समय से शिथिल पड़े कोटा जिला खो-खो संघ कोटा को आगे बढ़ाऊं, इसके लिए नवनिर्वाचित समस्त कार्यकारिणी मिलकर एक साथ काम करेंगे, अध्यक्ष ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी को भी बधाई दी। इस अवसर पर कोटा जिला ओलंपिक एसोसिएशन कोटा के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश जोशी, कोटा जिला खो-खो संघ कोटा के पूर्व सचिव फिरोज खान, कोटा जिला नेटबॉल कोटा के अध्यक्ष हिमांशु सिंह, कोटा बॉल बैडमिंटन के अध्यक्ष अरुण शर्मा सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# नारायण बारेठ स्मृति पुरस्कार की घोषणा

**कोटा, (निसं)।** जाने-माने पत्रकार स्वर्गीय नारायण बारेठ की स्मृति में ग्रेटर कोटा प्रेस क्लब प्रतिवर्ष एक प्रतिभाशाली पत्रकार को 11 हजार रुपए नगद पुरस्कार राशि भेंट करेगा।

गुमानपुरा स्थित शांति प्रकाश हाल में आज आयोजित एक श्रद्धांजलि सभा में प्रेस क्लब के महासचिव अनिल भारद्वाज ने यह घोषणा की। अध्यक्ष सुनील माथुर ने कहा कि नारायण बारेठ कोटा के ही नहीं अपितु राजस्थान और देशभर के उन गिने चुने पत्रकारों में शुमार थे, ऐसे में उनकी स्मृति को चिर स्थाई बनाने के लिए उनके नाम से यह पुरस्कार प्रारंभ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नारायण जी का पूरा जीवन संघर्षशील रहा इसके बावजूद वह अपने लक्ष्य से तनिक भी नहीं भटके। भाजपा नेता हनुमान शर्मा ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि नारायण जी उच्च आदर्श वाले एक सच्चे मित्र थे। लोगों की मदद करना उनकी फितरत में था। वे कई आंदोलन के प्रणेता रहे। सच्चे मायने में नारायण जी एक ईमानदार और आदर्श पत्रकारिता की भूमिका में अंतिम समय तक मशगूल रहे।

इस मौके पर उन्होंने एक दो घटनाओं



जाने-माने पत्रकार स्वर्गीय नारायण बारेठ की स्मृति में ग्रेटर कोटा प्रेस क्लब ने श्रद्धांजलि सभा में आयोजित की है।

का जिक्र किया जिससे लगता था कि नारायण जी धीर गंभीर व्यक्तित्व के साथ बड़े चपल मन भी थे। डॉ. सुधीर गुप्ता ने उनकी व्यंग्यात्मक और कटाक्ष भरी शैली का वर्णन करते हुए कहा कि नारायण जी हर एक व्यक्ति के लिए आदर्शवादी रहे और पूरा कोटा शहर उन्हें हमेशा सम्मान की दृष्टि से देखेगा और याद रखेगा। इस मौके पर भाजपा नेता पंकज मेहता ने उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि बारेठ जी एक उम्दा लेखक, चिंतक और आदर्शवादी व्यक्तित्व के धनी थे जिनकी भाषा पर अद्भुत पकड़ थी। उन्होंने कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी समझौता नहीं किया और शुरुआती दौर में तो उन्होंने कोटा की न्यायालय में मुंशी तक का काम किया। वे न कभी झुके ना टूटे और पूरा जीवन स्वाभिमानी के साथ जीया।

कांग्रेस नेता रविंद्र त्यागी ने कहा कि नारायण जी की एक विशिष्ट पहचान थी और पत्रकारिता में उन्होंने जो मुकाम पाया वहां तक कम ही लोग पहुंच पाते हैं। भाजपा नेता हीरेंद्र शर्मा ने कहा कि नारायण जी बेहद सहज व सरल तरीके से अपना जीवन यापन करते थे उनसे हमने बहुत कुछ सीखा है। उन्होंने शरीरदानी, नेत्रदानी श्रीमती अमिता भार्गव एवं आनंद एकेडमी शिक्षण संस्थान की ओर से नारायण जी के सम्मान में प्रतिवर्ष एक शील्ड देने की भी घोषणा की। वरिष्ठ अभिभाषक प्रेम सिंह ने भी नारायण बारेठ के साथ बिताए पलों को साझा किया।

श्रद्धांजलि सभा में पश्चिम मध्य रेलवे मजदूर संघ के मंडल सचिव अब्दुल खालिक, किशोर मदनानी, हरि भजन पंजवानी, हेमलता शर्मा, शैलेश पांडे, दिनेश माहेश्वरी, हरि बल्लभ मेघवाल, केडी अब्बासी, रमेश गांधी समेत ग्रेटर कोटा प्रेस क्लब के हेमंत शर्मा, बद्री प्रसाद गौतम, हरिमोहन शर्मा, चंद्र प्रकाश शर्मा, हंस पाल यादव, केएल जैन, सुबोध जैन, पवन आहूजा, श्याम रोहिड़ा, दिलबाग अरोड़ा, शाकिर अली, योगश सिगल रुबीना काजी, ओम आडवाणी समेत अनेक लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन महासचिव अनिल भारद्वाज ने किया। श्रद्धांजलि सभा में नारायण जी के चित्र पर पुष्पहार अर्पित कर दो मिनट का मौन धारण किया गया।

# कांग्रेस ने प्रदर्शन किया

**छबड़ा (निसं)।** देश में रसोई गैस की कथित किल्लत और बढ़ती कीमतों को लेकर सियासत तेज हो गई है।

इसी मुद्दे को लेकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष हंसराज मीणा के निर्देशन में आजाद सर्किल पर छीपाबडौद ब्लॉक अध्यक्ष मूलचंद शर्मा व छबड़ा ब्लॉक अध्यक्ष मनोज भार्गव व नगर अध्यक्ष हरीश माहेश्वरी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेता हाथों में गैस सिलेंडर और बैनर लेकर सडक़ों पर उतरे और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

युवा नेता दीपक त्यागी के अनुसार वक्ताओं ने कहा कि आम जनता गैस की बढ़ती कीमतों और सप्लाई की कमी से परेशान है, लेकिन सरकार इस ओर ध्यान नहीं दे रही है। अंतरराष्ट्रीय हालात के कारण गैस सप्लाई प्रभावित होने की बात कही जा रही है, लेकिन इसका सबसे अधिक असर गरीब और मध्यम वर्ग पर पड़ रहा है।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं ग्राम साथिनों की आमसभा सम्पन्न

**रामगंजमण्डी, (निसं)।** आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं ग्राम साथिनों की आमसभा रविवार को खैराबाद बालाजी मंदिर परिसर में आयोजित की गई। आमसभा को सम्बोधित करते हुए अखिल राजस्थान महिला एवं बाल विकास संयुक्त कर्मचारी संघ के संस्थापक संरक्षक छोटीलाल बुनकर ने बताया कि सरकार आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं ग्राम साथिनों को न्यूनतम मजदूरी भी नही देकर आर्थिक एवं मानसिक शोषण कर रही है। मानदेय के नाम पर सरकार इन्हें 5 हजार से 10 हजार रूपये मानदेय दे रही है। इनका न्यूनतम वेतन 25 हजार रूपये करना चाहिए एवं नियमित कर्मचारी बनाने के लिए कोई नीति का निर्धारण सरकार को करना चाहिऐं। प्रदेश संगठन मंत्री चन्द्र कुमारी चारण ने सम्बोधन में बताया कि सरकार ने गत वर्ष बजट में आंगनबाड़ी कार्मिकों को सेवा निवृति पर ग्रेच्युटी का भुगतान करने की घोषणा की थी जो कि आज तक पूरी नही हुई है। कोटा संभागीय अध्यक्ष मंजू कारपेन्टर ने बताया कि मांगों के समर्थन में महिलाओं द्वारा जयपुर एवं दिल्ली में शक्ति प्रदर्शन किया जाना प्रस्तावित है। अन्य प्रमुख मांगो में कुम्हेर परियोजना का निजी हाथो संचालित ठेके को समाप्त किया जाए, कार्मिकों से गैर विभागीय कार्य पर पूर्ण प्रतिबन्ध हो। ग्राम साथिनों को भी महिला पर्यवेक्षक के पदों में 50 प्रतिशत पद का आरक्षण करना, पदोन्नति का अवसर बढ़ाना है। आमसभा को ब्लॉक अध्यक्ष अनीता अहीर, महामंत्री प्रमिला बैरागी, संरध्या जैन, निशा बैरागी, निर्मला मोदी व गायत्री सातलखेड़ी सहित आदि ने सम्बोधित किया।

# एनएसएस शिविर का दूसरा दिन

**रामगंजमंडी, (निसं)।** श्री हीरा भाई परीख राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय रामगंजमंडी में 15 मार्च रविवार को एनएसएस के सात दिवसीय कैंप के द्वितीय दिवस का आयोजन सरस्वती के पूजन अर्चन से प्रारंभ हुआ। संगीत मय प्रार्थना सत्र तथा योग सत्र के बाद स्वयं सेविकाओं ने चाय का आनंद लिया। एनएसएस के लक्ष्य गीत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। वरिष्ठ कंप्यूटर अनुदेशक दिनेश चंद्र गुप्ता ने छात्राओ को डिजिटल साक्षरता के बारे में जानकारी दी। भूतपूर्व सैनिक व वरिष्ठ अध्यापक शीश राम सैनी ने बच्चों को समाज सेवा के बारे में जानकारी दी। डिजिटल साक्षरता पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्राओं ने भोजन का आनंद लिया। विद्यालय परिसर की साफ सफाई कर श्रमदान किया। उपरोक्त जानकारी कार्यक्रम प्रभारी हीना फारूकी के द्वारा दी गई।

# निगम आयुक्त ने पैदल ही सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया

**कोटा, (निसं)।** राजस्थान दिवस के अवसर पर आयोजित रन फॉर विकसित राजस्थान दौड़ में भाग लेने के बाद रविवार को नगर निगम आयुक्त ओमप्रकाश मेहरा ने पैदल ही सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। महाराव उम्मेद सिंह स्टेडियम से नेहरू पार्क तक वे दो किमी से अधिक दूरी तक पैदल चले और इस दौरान स्वास्थ्य अधिकारी मोतीलाल चौधरी और सफाई निरीक्षकों को निर्देश दिए।

महाराव उम्मेद सिंह स्टेडियम से शुरू करते हुए आयुक्त मेहरा सबसे पहले राजकीय बालिका विद्यालय और नवल चौराहे के पास पहुंचे। इन दोनों स्थानों पर बसों का ठहराव होता है। शिकायतें आ रही थीं कि बस यात्री यहां खुले में पेशाब करते हैं। इसको देखते हुए निगम यहां मूत्रालयों का निर्माण करवा रहा है। आयुक्त ने यहाँ चल रहे शौचालय निर्माण कार्य की गुणवत्ता देखी और यहां महिलाओं के लिए सुविधाओं को अलग से चिन्हित करने तथा निर्माण कार्य जल्द पूरा करवाने के निर्देश दिए। इसके बाद वे अदालत चौराहे की ओर आगे बढ़े। रास्ते में कुछ फल विक्रेता दिखे जिन्होंने अपने ठेलों को सड़क पर खड़ा कर रखा था। आयुक्त ने हाथों हाथ ये ठेले सफेद लाइन से पीछे खड़े करवाये और फल विक्रेता को भविष्य में ठेले सफेद लाइन के पीछे



कोटा नगर निगम आयुक्त ओमप्रकाश मेहरा ने पैदल ही सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया।

ही खड़े करने के निर्देश दिए। यहां से कुछ आगे उन्होंने एक टीपर को भी देखा। चालक ने टीपर में सेनेटरी और प्लास्टिक वेस्ट के लिए अलग से डिब्बे नहीं लगा रखे थे। आयुक्त ने उसे तुरन्त डिब्बे लगाने के निर्देश दिए। यहीं मॉन्टेसरी स्कूल के बाहर में रोड के किनारे लम्बे समय से एक बस जली हुई अवस्था में खड़ी पायी गई। आयुक्त ने स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए कि स्कूल प्रबंधन और लोकल पुलिस से बस को लेकर सम्पर्क करें। यदि कोई कानूनी मुद्दा नहीं है तो बस को तुरन्त हटवाया जाए। यहाँ सफाई व्यवस्था को लेकर आयुक्त ने सफाई निरीक्षक के प्रति नाराजगी व्यक्त की और सफाई को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। आगे बढ़ते हुए नवरंग होटल से पहले मुख्य मार्ग पर एक वॉटर कूलर लगा है। इस वॉटर कूलर पर भी कुछ लोगों ने विज्ञापन लगा दिए हैं। आयुक्त ने स्वास्थ्य अधिकारी को तत्काल बिना अनुमति लगे विज्ञापन हटाने के निर्देश दिए।

# नव्या क्लब द्वारा थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों के लिए फिल्टर प्रदान, सेवा कार्य की अनोखी मिसाल

**कोटा, (निसं)।** नेकी तेरे साथ चलेगी बाबा, साथ यही एक बात चलेगी बाबा. पंक्तियों को चरितार्थ करते हुए समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय नव्या क्लब ने एक बार फिर मानवता और सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। रविवार, को नव्या क्लब के 11वें सीजन की पहली सामाजिक गतिविधि के अंतर्गत बसंत विहार स्थित पारीक हॉस्पिटल के पास ब्लड बैंक में थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों को फिल्टर प्रदान किए गए।

नव्या क्लब की संस्थापक अध्यक्षा आशीता माहेश्वरी ने बताया की कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9.30 बजे हुई, जिसमें नव्या क्लब सदस्यो ने थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए रक्तदान किया, उसके पश्चात क्लब के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर थैलेसीमिया से जूझ रहे बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए रक्त चढ़ाने की प्रक्रिया में उपयोग आने वाले विशेष फिल्टर वितरित किए गए। इन फिल्टरों के माध्यम से बच्चों को सुरक्षित और बेहतर उपचार मिल सकेगा। नव्या क्लब के सदस्यों ने बताया कि थैलेसीमिया एक गंभीर बीमारी है, जिसमें बच्चों को



कोटा में नव्या क्लब ने पहल करते हुए थैलेसिमिया ग्रसित बच्चों को फिल्टर प्रदान किये हैं।

नियमित रूप से रक्त चढ़ाने की आवश्यकता पड़ती है। ऐसे में रक्त के साथ आने वाली अशुद्धियों को रोकने के लिए फिल्टर बहुत महत्वपूर्ण होते हैं।

क्लब द्वारा यह पहल इसलिए की गई ताकि इन बच्चों के उपचार में किसी भी प्रकार की बाधा न आए और उन्हें सुरक्षित जीवन जीने में सहायता मिल सके। कार्यक्रम के दौरान क्लब के सभी सदस्यों में सेवा भावना साफ दिखाई दी। सभी ने मिलकर बच्चों और उनके अभिभावकों से मुलाकात की और उन्हें हौसला भी दिया। क्लब के पदाधिकारियों ने कहा कि समाज में ऐसे कई बच्चे हैं जो गंभीर बीमारियों से जूझ रहे हैं और उन्हें समय-समय पर सहयोग की आवश्यकता होती है। नव्या क्लब का उद्देश्य सिर्फ कार्यक्रम करना नहीं बल्कि समाज के जरूरतमंद वर्ग तक वास्तविक सहायता पहुंचाना है। इस अवसर पर क्लब के सदस्य लिली जैन, मंजू लुककड, रंजना कचोलिया, रजनी मोदी, सरस्वती मंडल, पिंकी लालवानी, संगीता तोषनिवाल, हेमलता बहेड़िया, अंजना शारदा, रीमा लखोटिया, बीना तोषनीवाल, नीलिमा तोषनीवाल, शिवांगी अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

उन्होंने बताया कि नव्या क्लब पिछले कई वर्षों से सामाजिक, सांस्कृतिक और सेवा कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य और जरूरतमंदों की सहायता जैसे क्षेत्रों में क्लब लगातार कार्य कर रहा है। थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों के लिए फ़िल्टर उपलब्ध कराना भी इसी सेवा श्रृंखला का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने नव्या क्लब की इस पहल की सराहना की और कहा कि इस प्रकार के कार्य समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं। इससे अन्य संस्थाओं और लोगों को भी जरूरतमंदों की मदद के लिए प्रेरणा मिलती है।

अंत में क्लब के सदस्यों ने संकल्प लिया कि आने वाले समय में भी नव्या क्लब इसी तरह समाज सेवा के कार्यों को निरंतर जारी रखेगा और जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए हमेशा तत्पर रहेगा। नव्या क्लब का यह सेवा कार्य न केवल थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों के लिए सहायक साबित हुआ, बल्कि समाज में मानवता, संवेदना और सहयोग की भावना को भी मजबूत करने वाला कदम सिद्ध हुआ।